आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :307 पृष्ठ -4 दिनांक 09 नबम्बर 2024 दिन शनिवार

# वाराणसी में किन्नर समुदाय ने रखा छठ व्रत, देश के जवानों के लिए छठी मईया से की प्रार्थना

## लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर इस बार किन्नर समुदाय में भी खासा उत्साह



आज पूरे देश में धूमधाम से छठ महापर्व मनाया जा रहा है. इसी क्रम में काशी में किन्नर समुदाय की तरफ से भी परंपरागत तरीके से छठ पर्व मनाया गया. इस दौरान छठी मईया को चढ़ाए जाने वाला प्रसाद–भोग के साथ साथ उनके द्वारा भगवान भास्कर को अर्घ भी दिया गया.आरोग्य समृद्धि खुशहाली का प्रतीक माने जाने वाले इस पर्व को लेकर किन्नर समुदाय में भी काफी उत्साह देखा गया. ऐसा पहली बार हुआ जब इनके द्वारा भी न सिर्फ घाट पर पहुंचकर भगवान सूर्य को अर्घ दिया गया बल्कि विधि विधान से छठ पर्व से जुड़े सभी पूजन को भी संपन्न किया गया .

लोक आस्था का महापर्व छठ काशी में भी धूमधाम से मनाया गया. गंगा घाट के साथ–साथ वरुण तटवर्ती क्षेत्र और शहरी क्षेत्र के अलग–अलग तालाब कुंड वाले जगहों पर भी लोग विधि विधान परंपरागत तरीके से इस महापर्व को संपन्न कराने के लिए पहुंचे. वहीं इस बार किन्नर समुदाय में भी इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया. वरुणा के तटवर्ती क्षेत्र में पहुंचकर किन्नर समुदाय ने भी भगवान सूर्य को अर्घ दिया. किन्नर समुदाय के अध्यक्ष सलमा ने कहा की विधि विधान और पूरे उत्साह के साथ विश्व भर में छठ पर्व मनाया जाता है. हमारे समुदाय के तरफ से भी पहली बार वाराणसी में पूजन के उद्देश्य से इस पर्व में शामिल हुआ गया है. हम सभी ने व्रत रखते हुए भगवान सूर्य से प्रार्थना की है कि हमारे देश के अन्नदाता और जवान सुरक्षित रहें. इसके साथ ही हमारा देश निरंतर उन्नति और खुशहाली के मार्ग पर अग्रसर हो. यही हमारी छठी मईया से प्रार्थना है. हमने इस पर्व के पूजन विधि अनुसार व्रत भी रखा है, हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमें इस पर्व पर पूजन करने का अवसर मिल रहा है.

काशी के घाटों पर उमड़ा जन सैलाब 7 नवंबर और 8 नवंबर को भगवान सूर्य को अस्त होते और उदय होते अर्घ देने के लिए लाखों की संख्या में लोग काशी के घाट पर उमड़ पड़े. जैसे ही भगवान सूर्य आसमान में दिखाई दिए लोगों ने अर्घ देकर उन्हें नमन किया और अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की. घाटों पर बनाए गए बेदी स्थल पर माताओं बहनों ने छठी मईया का पूजन किया. घर के अन्य सदस्य भी अपने सर पर डलिया–पूजन सामग्री रखकर घाट पर जाते हुए दिखाई दिए.

### सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- कांग्रेस का भी वही हश्र होगा जो अनुच्छेद 370 और 35ए का हुआ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस (छब) पर निशाना साधते हुए अनुच्छेद 370 और 35ए को बहाल करने के दोनों दलों के आह्वान की कड़ी आलोचना की. मुख्यमंत्री छठ पूजा के अवसर पर यहां लक्ष्मण मेला मैदान में अखिल भारतीय भोजपुरी समाज द्वारा आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे.

हाल ही में जम्मू–कश्मीर विधानसभा में इन अनुच्छेदों को बहाल करने का प्रस्ताव लाने के घटनाक्रम का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल देश और घाटी को फिर से आतंकवाद की आग में धकेलना चाहते हैं.उन्होंने कहा, ''इनसे जम्मू कश्मीर का विकास और वहां के बच्चों का उज्ज्वल भविष्य बर्दाश्त नहीं हो रहा है. इनकी विघटनकारी नीतियों को देश कभी स्वीकार नहीं करेगा. देश के 140 करोड़ वासी हर हाल में देश की एकता तथा अखंडता के लिए दृढ़ता से खड़े हैं और इससे खिलवाड़ करने वालों को मुहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं. आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कांग्रेस इस प्रस्ताव का विरोध नहीं करती है तो उसका भी वही हश्र होगा जो अनुच्छेद 370 और 35ए का हुआ. मुख्यमंत्री ने छठ पूजा के महत्व पर भी प्रकाश डाला और राष्ट्रीय एकता तथा अखंडता की रक्षा की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा, ''जब हम जाति, मजहब में बंट जाते हैं तो दूसरे हम पर राज करते हैं.''कुछ लोग देश की पहचान को ही मिटा रहे हैं– सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''इन त्योहारों के माध्यम से हम सब एक साथ आते हैं, लेकिन भारत में रहने वाले कुछ लोग देश की पहचान को ही मिटा रहे हैं. किसी भी सच्चे भारतीय को यह बर्दाश्त नहीं करना चाहिए. जब हम 140 करोड़ एक साथ बोलेंगे तो भारत की तरफ कोई नजर उठा कर नहीं देख पाएगा.''आदित्यनाथ ने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की तरफ इशारा करते हुए कहा कि कश्मीर में उनकी गतिविधियां ''राष्ट्रीय एकता के प्रति खत. रनाक अनादर को दर्शाती हैं, जिसे राष्ट्र कभी बर्दाश्त नहीं करेगा.'' मुख्यमंत्री ने कांग्रेस से जम्मू–कश्मीर विधानसभा में पारित प्रस्ताव की निंदा करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस ऐसा नहीं करती है तो उसका वही हश्र होगा जो कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35ए का हुआ.दुनिया ने एक नए शक्तिशाली भारत को देखा– सीएम योगीमुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि पांच अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करके कश्मीर घाटी में आतंकवाद के ताबूत में अंतिम कील ठोकने का काम किया. उन्होंने कहा, ''संसद द्वारा स्वीकृत इस ऐतिहासिक निर्णय ने संविधान से जम्मू–कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त कर दिया. इसके बाद दुनिया ने एक नए शक्तिशाली भारत को देखा जो शांतिपूर्ण था लेकिन अपनी रक्षा के लिए दृढ़ था.'' मुख्यमंत्री ने अपनी संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और कहा कि राष्ट्र अपनी पहचान तथा एकता की रक्षा के लिए कोई भी बलिदान देने के लिए तैयार है. उन्होंने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर की आ. पत्ति के बावजूद कांग्रेस ने संविधान में अनुच्छेद 370 को शामिल किया, जिससे कश्मीर हिंसा और आतंकवाद के रास्ते पर चला गया.कश्मीरी पंडितों की लक्षित हत्याएं– सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसके बाद के घटनाक्रम को याद किया, जिसमें व्यापक हिंसा, कश्मीरी पंडितों की लक्षित हत्याएं और भारत के समर्थन में आवाज उठाने वाले किसी भी व्यक्ति पर क्रूर हमले शामिल थे. उन्होंने कहा, ''कांग्रेस ने शुरू में अनुच्छेद 370 को 'अस्थायी प्रावधान' करार दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने ही इसे खत्म करने का साहसिक कदम उठाया. आज कश्मीर नए शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, उद्योग और सुरक्षा की नई भावना के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है.'' अनुच्छेद 370 बहाल नहीं हो सकता और न ही होगा– सीएम योगीआदित्यनाथ ने कहा कि अनुच्छेद 370 बहाल नहीं हो सकता और न ही होगा. उन्होंने कहा कि यह सामूहिक हिंसा, आतंकवाद और असंख्य निर्दोष लोगों के नरसंहार का मूल कारण था. उन्होंने कहा कि इसने धार्मिक चरमपंथ को बढ़ावा देकर और क्षेत्र को आतंकवाद का गढ़ बना दिया जिसने कश्मीर के सामाजिक सद्भाव और सौंदर्य को नष्ट कर दिया.

## एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा श्रद्धालुओं से भरे टेम्पो ट्रैवलर में कैंटर ने मारी टक्कर, 3 की मौत आधा दर्जन घायल



फिरोजाबाद के पास शिकोहाबाद में अयोध्या एवं वृंदावन दर्शन करने जा रहे टेम्पो ट्रैवलर सवार श्रद्धालुओं को कैंटर ने एक्सप्रेस–वे पर टक्कर मार दी। इस घटना में दो बच्चे सहित तीन की मौत हो गई। वहीं ट्रैवलर चालक समेत दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वहीं अन्य घायलों को सैफई पीजीआई एवं मेडिकल कॉलेज फिरोजाबाद भेजा गया है।मनीष कुमार (38) निवासी गांव मारौली थाना उम्म. रगांव जिला बलसाड़, गुजरात जोकि टेम्पो ट्रैवलर का चालक है। वह ट्रैवलर में कुल 19 श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या एवं वृंदावन दर्शनों के लिए गत 2 नवंबर को निकला था। अयोध्या में राम मंदिर के दर्शनों के बाद ट्रैवलर चालक सभी श्रद्धालुओं को लेकर 7 नवंबर की शाम अयोध्या से वृंदावन दर्शनों के लिए जा रहा था। शुक्रवार सुबह 6:00 बजे करीब जैसे ही वह थाना नसीरपुर क्षेत्र के अंतर्गत किलोमीटर संख्या 54 के समीप पहुंचा, तभी अचानक पीछे से एक कैंटर उसको ओव. रटेक करते हुए तेजी से निकल गया। कैंटर से बचने के लिए ट्रैवलर चालक ने जैसे ही ट्रैवलर को बाईं ओर मोड़ा। इस दौरान एक्सप्रेस–वे पर पहले से खड़े एक कैंटर में टेम्पो ट्रैवलर घुसा चला गया। इस घटना में युग (13) निवासी खरड़पुर जिला सिलवास दमन, दाद. रनगर हवेली, राधा बेन पत्नी कांति भाई और दो वर्षीय प्रसा पटेल की मौत हो गई। जबकि जय कुमार (14), विरल (35), नीला (58), हिरन ठाकुर (46) समेत अन्य लोग घायल हो गए।घटना की सूचना मिलने पर थाना नसीरपुर पुलिस एवं यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई। जिन्होंने सभी घायलों को उपचार के लिए तत्काल ही जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद, मेडिकल कॉलेज फिरोजाबाद एवं गंभीर घायलों को सैफई पीजीआई में भर्ती कराया है। जहां घायलों का उपचार चल रहा है।

## यूपी में मंदिर तक पहुंचा पोस्टर वार, आनंदेश्वर मंदिर के अंदर लगा बंटेंगे तो कटेंगे का बैनर




यूपी उपचुनाव की तारीखों के ऐलान होने के बाद तारीखों के बदलने से विपक्ष बीजेपी पर हमलावर दिखाई दे रहा है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटोगे तो कटोगे वाले बयान पर सूबे सियासत खूब गरमाई हुई है. अब ये बयान सियासी गलियारों से चलकर धार्मिक स्थलों तक आ पहुंचा है. मामला कानपुर से सामने आया है.श्री आनंदेश्वर महादेव मठ मंदिर की एक तस्वीर वायरल हो रही है. मंदिर में बटोगे तो कटोगे का नारा लिखा हुआ दिखाई दिया.कानपुर की सड़कों पर लखनऊ की तर्ज पर अब सड़क से लेकर मंदिर और मठ तक बटोगे तो कटोगे के पोस्टर दिखाइए दे रहे हैं. यहां का सियासी समीकरण मुस्लिम मतदाताओं पर निर्भर करता है जिसके बाद अलग अलग तरीके से हिंदू मतदाताओं को एक जुट करने के लिए इस तरह के पोस्टर देखे जा सकते हैं. सियासी गलियारे से सियासत मंदिरों तक पहुंच चुकी है जो कहीं न कहीं एक बड़ा संदेश दे रही है. मामले में क्या बोलें मंदिर के पुजारी? इस बाबत मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं का कहना है कि इस तरह के राजनैतिक पोस्टर और बांटने और काटने के पोस्टर मंदिरों तक नहीं पहुंचने चाहिए. क्योंकि धार्मिक स्थलों पर सबका प्रवेश है. हर दल के राजनैतिक लोग मंदिर आते हैं आखिर ये पोस्टर किसे बांटने और किसे काटने के लिए लगाया गया है. हालांकि मंदिर के महंत की ओर से कहा गया है कि इस विषय में जांच कराई जाएगी. इसे वर्जित किया जाएगा. मंदिर भगवान का घर है यहां सियासत नहीं होनी चाहिए.कानपुर की सीसामऊ सीट पर उपचुनाव होने हैं. इस सीट पर पिछले 22 सालों से समाजवादी पार्टी का कब्जा है. साल 1991 में यहां बीजेपी ने अपनी जीत दर्ज की थी लेकिन उसके बाद से यहां सपा ने सोलंकी परिवार से हाजी मुश्ताक सोलंकी को चुनाव मैदान में खड़ा किया था जिसके बाद से इस सीट पर सपा की टिकट पर सोलंकी परिवार का ही परचम लहराता रहा है. अब बीजेपी यहां उपचुनाव में ताकत झोंककर अपना झंडा गाड़ना चाहती है.

### यूपी विधानसभा के सचिव ब्रजभूषण दूबे की हादसे में मौत, कार ट्रक से टकराई



उत्तर प्रदेश विधानसभा में सचिव पद पर सेवाएं दे रहे बृजभूषण दूबे का कार एक्सीडेंट में निधन हो गया. 52 वर्षीय दूबे अपने बेटे के साथ गोरखपुर से लखनऊ आ रहे थे. इसी दौरान अयोध्या में उनकी कार ट्रक से टकरा गई. हादसे में उनके बेटे को मामूली चोट आई. दुर्घटना के तुरंत बाद पिता पुत्र को अस्पताल ले जाया गया.यहां डॉक्टर्स ने ब्रजभूषण दूबे को मृत करार दे दिया. जानकारी के अनुसार अयोध्या स्थित पटरंगा थानान्तर्गत गनौली कट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसा हुआ. चश्मदीदों ने बताया कि ओवरटेक करने के चक्कर में हादास हुआ है.आज दोपहर में अन्तिम संस्कार अयोध्या में होगा.

## यूपी में नो पार्किंग जोन में गाड़ी पार्क करने पर लगेगा जुर्माना, ये गलती करने पर उठा ली जाएगी कार, लगेगा इतना फाइन

बड़े शहरों में अक्सर गाड़ियों की पार्क करने की समस्या रहती है. अक्सर लोग सड़क पर ही गाड़ी पार्क कर चले जाते है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है. लेकिन यूपी सरकार अब इसके लिए ठोस कदम उठाने जा रही है. आने वाले दिनों में अगर आप नो–पार्किंग जोन में गाड़ी पार्क कर चले जाते है तो गाड़ी को उठा लिया जाएगा. साथ ही जुर्माना वसूलने के बाद ही उसे छोड़ा जाएगा.बता दें कि राजधानी लखनऊ में यह कार्रवाई यातायात पुलिस कर रही थी लेकिन पिछले छह महीने से यह बंद है.अब यह कार्रवाई करने की जिम्मेदारी नगर–निगम करेगा. नगर–निगम इसकी जिम्मेदारी निजी कंपनी को देने की तैयारी में है.इसके लिए टेंडर प्रक्रिया एक महीने के अंदर पूरी कर ली जाएगी. मिली जानकारी के अनुसार नगर–निगम यह कार्रवाई दिसंबर के महीने से शुरू कर सकता है.पहले किस तरह की थी व्यवस्था?पहले जो वाहनों से वसूली की जाती थी उसमें ठेकेदार और यातायात पुलिस को पैसे मिलते थे.




यदि किसी चार पहिया वाहन से यातायात पुलिस जुर्माने के तौर पर 1500 रुपये वसूलती है तो वह 1000 ठे. केदार और 500 रुपये अपने पास रखती थी. इसी तरह दो पहियों वाहनों की वसूली में यदि 800 रुपये मिलते थे तो 500 रुपये यातायात पुलिस और 300 रुपये ठेकेदार को मिलते थे. इसके साथ ही ठेकदार नगर निगम की क्रेनों का प्रति क्रेन 50 हजार रुपये महीना और अपनी क्रेनों का प्रति क्रेन 30 हजार रुपये महीना देता था.इन जगहों पर कर सकते है पार्किंग लखनऊ में पार्किंग के लिए कई पार्किंग स्थल बनाए गए है, जिनमें लालबाग झंडी पार्क भूमिगत पार्किंग , लालबाग दयानिधान पार्क भूमिगत पार्किंग, हजरतगंज मल्टीलेवल पार्किंग,अमीनाबाद भूमिगत पार्किंग , आलमबाग चंदरनगर भूमिगत पार्किंग, भूतनाथ भूमिगत पार्किंग, नादान महल रोड भूमिगत पार्किंग सरोजनी नायडू पार्क भूमिगत पार्किंग, ज्योतिबाफुले मल्टीलेवल पार्किंग, चौक गोल मार्केट महानगरचंद्रशेखर आजाद पार्क पार्किंग के नाम शामिल है.

# विधानसभा में फिर BJP और NC में हुई तकरार, मार्शलों ने बीजेपी विधायकों को खींचकर फेंका बाहर

जम्मू–कश्मीर(जननायक सम्राट) विधानसभा में बीजेपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों के बीच अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा हैं. जहां तीसरे दिन भी व्यवधान जारी रहा, क्योंकि बीजेपी के विधायकों ने अनुच्छेद 370 और विशेष दर्जा से जुड़े प्रस्ताव के खिलाफ नारेबाजी की. हालांकि, स्पीकर अब्दुल रहीम राठेर के निर्देश पर कम से कम 12 बीजेपी विधायकों को सदन से बाहर निकाल दिया गया, क्योंकि वे वेल में आ गए थे. नके निष्कासन के बाद 11 अन्य बीजेपी विधायकों ने विरोध स्वरूप सदन से निकाल दिया गया.इससे पहले, बारामुल्ला लोकसभा सांसद शेख अब्दुल रशीद के भाई और अवामी इत्तेहाद पार्टी के विधायक खुर्शीद अहमद शेख को सदन से बाहर निकाल दिया गया. जहां शुक्रवार (8 नवंबर) को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख और हंदवाड़ा के विधायक सज्जाद लोन ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के पुलवामा के विधायक वहीद पारा के साथ मिलकर अनुच्छेद 370 को बहाल करने का आह्वान करते हुए एक पोस्टर दिखाया.ठश्रच विधायकों ने मेज पर खड़े होकर जताया विरोधइससे बीज. `पी सदस्य भड़क गए और मेजों पर खड़े होकर विरोध जताने लगे. इस बीच खुर्शीद अहमद शेख विधायकों के समर्थन में सदन के बीचों–बीच आ गए, लेकिन मार्शलों ने उन्हें सदन से बाहर कर दिया. इस दौरान खुर्शीद अहमद शेख ने आरोप लगाया कि सदन के अंदर सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस और बीजेपी के बीच शफिक्स मैचश चल रहा है, जिसके बाद केवल उन छह विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है जो अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं.उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस का प्रस्ताव कोई मतलब नहीं रखता और यह महज दिखावा है.जानिए क्या है पूरा



मामला?दरअसल, गुरुवार (7 नवंबर) को बीजेपी विधायकों और मार्शलों के बीच झड़प के बाद विधानसभा को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया था, क्योंकि बीजेपी सदस्य लगातार दूसरे दिन भी पूर्ववर्ती राज्य के विशेष दर्जे को बहाल करने के प्रस्ताव का विरोध कर रहे थे. वहीं, उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने बुधवार को जम्मू–कश्मीर विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें क्षेत्र के विशेष दर्जे के महत्व की पुष्टि की गई, जो श्इसकी पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा करता है. इस प्रस्ताव में केंद्र से आग्रह किया गया है कि वह जम्मू–कश्मीर का विशेष दर्जा और संवैधानिक गारंटी बहाल करने के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ चर्चा शुरू करे. इसके साथ ही यह सुनिश्चित करे कि इस प्रक्रिया में राष्ट्रीय एकता और लोगों की आकांक्षाओं का सम्मान हो.

## छठ पूजा-दिवाली पर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की आबादी से ज्यादा लोगों ने ट्रेन का किया सफर, मात्र इतने



भारतीय रेलवे ने त्योहारों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए विशेष इंतजाम किए गए। रेलवे की ओर से दावा किया गया है कि महज 24 घंटे में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की आबादी के बराबर से ज्यादा लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचाया है। 4 नवंबर को रेलवे ने सर्वाधिक लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचाया है।भारतीय रेलवे के पीआरओ अशोक कुमार ने एनबीटी ऑनलाइन से बातचीत में बताया कि 1 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच विशेष ट्रेनों के जरिए बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड में लगभग 7.5 करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया। सोमवार 4 नवंबर को भारतीय रेल ने एक दिन में सबसे अधिक यात्रियों को उनके मुकाम तक पहुंचाया। इस अंतराल में 3 करोड़ यात्री रेलवे में सवार हुए, जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की संयुक्त जनसंख्या से भी अधिक है। इसके साथ ही 4 नवंबर 2024 को 120.72 लाख (19.43 लाख आरक्षित और 101.29 लाख अनारक्षित गैर–उपनगरीय) यात्रियों को रेलवे की ओर से ले जाया गया।दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ की भीड़ के लिए 1 अक्टूबर से 30 नवंबर 2024 के बीच कुल 7,666 विशेष ट्रेन सेवाओं के संच. ालन को लेकर जनाकारी सार्वजनिक की है । पिछले वर्ष इसी अवधि में 4,429 ट्रिप संचालित की गई थीं। यह पिछले वर्ष की तुलना में 73 प्रतिशत अधिक है। अब तक 1 अक्टूबर से 5 नवंबर तक 4521 विशेष ट्रेनें चलाई गईं। इस अवधि के दौरान विशेष ट्रेनों में 65 लाख यात्रियों को रेलवे द्वारा सुविधा प्रदान की गई। रेलवे की ओर से 3 नवंबर को 207 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। 4 नवंबर को 203 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। 5 नवंबर को 171 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। 6 नवंबर को 164 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। 7 नवंबर को भी 164 ट्रेनें संचालित की गईं।

## अवधेश अग्रवाल हत्याकांड पटना में मथुरा के 2 शूटरों ने की थी आगरा के चांदी कारोबारी की हत्या, कार चालक गिरफ्तार



आगरा (जननायक सम्राट) बिहार की पटना पुलिस ने गुरुवार को आगरा के प्रमुख चांदी कारोबारी अवधेश अग्रवाल की गोली मारकर हत्या का खुलासा कर दिया. पटना पुलिस के अनुसार आगरा के चांदी कारोबारी अवधेश अग्रवाल की हत्या मथुरा के शूटर नीरज गौतम और भूषण पंडित ने की थी. दोनों मथुरा से किराए की कार से पटना गए थे. पटना पुलिस ने कार के चालक जितेंद्र को गिरफ्तार करके ये खुलासा किया है. यही चालक मथुरा के चांदी कारोबारी निखिल अग्रवाल की भी कार चलाता था. पटना पुलिस ने मथुरा में डेरा डाल दिया था. मंगलवार को पटना पुलिस ने दबिश देकर आरोपी चालक के साथ चांदी कारोबारी निखिल अग्रवाल को हिरासत में लिया था. अभी चांदी कारोबारी अवधेश अग्रवाल की हत्या किसने कराई थी ? हत्या की वजह क्या रही ? सुपारी कितने रुपये में में दी गई? ऐसे ही तमाम सवालों के जबाव दोनों फरार शूटर की गिरफ्तारी के बाद ही मिलेंगे. आगरा कारोबारी की पटना में हुई थी हत्या रू आगरा में हरीपर्वत थाना क्षेत्र में स्थित परिणय कुंज निवासी चांदी कारोबारी अवधेश अग्रवाल की 27 अक्टूबर की रात पटना में गोली मारकर हत्या की गई थी. धनतेरस से 2 दिन पहले शूटर्स ने गोली मारकर अवधेश गुप्ता की हत्या की थी. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में दोनों शूटर के बारे में सबूत मिले थे. इसके बाद ही पटना पुलिस ने मथुरा में डेरा डाल दिया था. पटना पुलिस ने मंगलवार को मथुरा के गोविंद नगर में दबिश देकर चांदी कारोबारी निखिल अग्रवाल और उसके चालक जितेंद्र को हिरासत में लिया और पटना ले गए. दोनों से पूछताछ की गई. 25 हजार रुपये में कार लेकर गया था चालक रू पटना के एसपी सिटी सेंट्रल स्वीटी सहरावत ने गुरुवार को चांदी कारोबारी अवधेश अग्रवाल हत्याकांड का खुलासा किया. मथुरा के जैत क्षेत्र निवासी जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार जितेंद्र मथुरा के चांदी कारोबारी निखिल अग्रवाल की कार चलाता है. ये ही मथुरा के हाईवे थाना क्षेत्र निवासी शूटर नीरज गौतम और भूषण पंडित को 25 अक्तूबर 2024 को कार में पटना लेकर गया था. इसके एवज में उसे 25 हजार रुपये मिले थे. दोनों ही शूटर होटल में नहीं रुके थे. सभी दिन भर कारोबारी की रेकी करते और रात को रेलवे स्टेशन के पास कार खड़ी करके उसमें ही सो जाते थे.दोनों शूटर का आपराधिक इतिहास रू पटना एसपी सिटी सेंट्रल स्वीटी सहरावत ने बताया कि फरार दोनों ही शूटर का आ. पराधिक इतिहास है. फरार शूटर नीरज के खिलाफ 12 मुकदमे और शूटर भूषण पंडित के खिलाफ 8 मुकदमे दर्ज हैं. इनमें हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और गुंडा एक्ट में मुकदमे शामिल हैं. दोनों ही गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रहीं हैं. एसपी सिटी सेंट्रल स्वीटी सहरावत ने बताया कि दोनों फरार शूटर के हाथ आने पर ही हत्याकांड से पर्दा उठेगा. हत्या किसने और क्यों कराई ? शूटरों को कितने रुपये दिए गए? इन सब सवालों के जवाब मिलेंगे. अभी पुलिस ने चांदी कारोबारी निखिल को पीरबहोर थाने में रोजाना हाजिरी लगाने की शर्त पर छोड़ा है.आगरा के सराफ बाजार में दिनभर रही चर्चा रू पटना पुलिस ने चांदी कारोबारी अवधेश अग्रवाल की हत्या का खुलासा कर दिया. पुलिस के खुलासे को लेकर आगरा के सराफा बाजार में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं. चांदी कारोबारी की हत्या किसने और क्यों कराई? यह सवाल अब भी बना हुआ है. शूटरों को सुपारी देने वाले कौन हैं? इसका खुलासा नहीं हुआ है.

## छपरा में छठ पूजा के दौरान ओवरलोड बोट तालाब में पलटी, 2 लोगों की डूबने से मौत



छपरा (जननायक सम्राट) बिहार के छपरा जिले में छठ पूजा के दिन एक बड़ा हादसा हुआ जिसमें दो नौजवानों की जान चली गई। ये हादसा तरैया थाना क्षेत्र के पचभिंडा गांव में एक बड़े से तालाब में हुआ। दरअसल, कुछ लोग छठ पूजा के मौके पर एक छोटी सी नाव पर सवार होकर तालाब में गए थे। नाव पर क्षमता से ज्यादा लोग होने की वजह से वो अचानक पलट गई और सभी लोग पानी में गिर गए। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें नाव के साथ उसमें सवार लोग पानी में गिरते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि आस–पास मौजूद लोगों ने 8 लोगों को बचा लिया, लेकिन दो युवक डूब गए।नाव हादसे के मृतकों की हुई पहचान मृतकों की पहचान 18 वर्षीय बिट्टू कुमार सिंह और 18 वर्षीय सुरज कुमार के रूप में हुई है। बिट्टू अपने घर के इकलौते बेटे थे। उनके पिता कीपहले ही मृत्यु हो चुकी थी। बिट्टू की मौत से उनके परिवार में शोक का माहौल है। दूसरी तरफ सूरज कुमार, दसई मांझी का बेटा बताया जा रहा है।गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम  हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए गाड़ी नहीं मिलने पर सड़क जाम कर दी और अस्पताल में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भिजवा दिया है और मामले की जांच की जा रही है ऐसे हुआ हादसा स्थानीय लोगों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह जब ये हादसा हुआ, तब गांव के बड़े पोखरा पर छठ पूजा का जश्न मनाया जा रहा था। तभी 10 लोग एक छोटी सी नाव पर 10–10 रुपये देकर सवार हो गए। नाव में क्षमता से ज्यादा लोग होने की वजह से वो किनारे से कुछ ही दूर पर अनियंत्रित होकर पलट गई। गांव वालों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को तालाब से बाहर निकाल लिया। इस हादसे ने छठ पूजा की खुशियों को गम में बदल दिया है।

## बुलंदशहर में सेल्समैन की गला रेतकर हत्या . गर्दन में फंसा था चाकू लगा था कपड़े का फंदा



उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में सेल्समैन की हत्या का मामला सामने आया है। सेल्समैन का शव खेत में पड़ा मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।बुलंदशहर में सेल्समैन की गला रेतकर हत्या...
गर्दन में फंसा था चाकूय लगा था कपड़े का फंदाजानकारी के अनुसार, डिबाई कोतवाली के धर्मपुर चौकी इलाके के गांव जलालपुर जट्ट स्थित एक भट्टे के पीछे खेत में गुरुवार देर रात युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त शिशपाल (32) निवासी गांव तुलसीनगला हाल निवासी मोहल्ला महादेव के रूप में हुई। शीशपाल की महादेव मोहल्ले में महादेव मंदिर के सामने गली में परचून की दुकान है। शीशपाल परचून सेल्समैन का काम गांव–गांव करता था। बताया जा रहा है कि देर शाम किसी ने फोन पर बात कर शीशपाल को धर्मपुर मार्ग पर स्थित गो. विंदपुर रेलवे क्रॉसिंग पर बुलाया था। खेत में पड़ा मिला युवक का शव करीब 10:30 बजे पुलिस से परिजनों को सूचना मिली कि युवक की हत्या कर दी गई है। उसका शव सोमवीर सिंह के भट्टे के पीछे गांव जलालपुर जट्ट चकरोड के निकट खेत में पड़ा है। पुलिस ने घटनास्थल से चाकू और हवाई चप्पल बरामद की हैं। गर्दन में फंसा था चाकू मृतक की मां, पत्नी सावित्री का रो रो कर बुरा हाल है। घटनास्थल पर जमीन पर पड़े शव पर गर्दन पर कपड़े का फंदा लगा हुआ था और चाकू से तीन प्रहार किए गए थे। चाकू गर्दन में फंसा था। सीओ शोभित कुमार ने बताया कि मृतक के भाई पीड़ित नरेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 103 (1) संबंधित धाराओं में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। घटना का शीघ्र खुलासा कर दिया जाएगा।जानकारी के अनुसार, डिबाई कोतवाली के धर्मपुर चौकी इलाके के गांव जलालपुर जट्ट स्थित एक भट्टे के पीछे खेत में गुरुवार देर रात युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त शिशपाल (32) निवासी गांव तुलसीनगला हाल निवासी मोहल्ला महादेव के रूप में हुई।

## 15 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

खुर्जा। कोतवाली पुलिस और बदमाशों के बीच बुधवार रात को हुई मुठभेड़ में एक महीने पहले भूतगढ़ी में फायरिंग करने वाला 15 हजार का इनामी गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से तमंचा बरामद किया गया। उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। सीओ खुर्जा भास्कर मिश्रा ने बताया कि बुधवार रात को पुलिस टीम किसवागढ़ मोड़ पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने जेवर की ओर से बाइक से आ रहे दो युवकों को रुकने का इशारा किया। इस पर आरोपियों ने बाइक मोड़ी और भागने लगे। पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया तो उन पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने सौंदा हबीबपुर गांव के पास आरोपियों को घेर लिया। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। दूसरा वहां से भाग निकला।घायल बदमाश की पहचान गौरव निवासी शाहपुर कला के रूप में हुई। आरोपी पर पिछले महीने हत्या के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था और एसएसपी की ओर से 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था। कोतवाली प्रभारी राजपाल तोमर ने बताया कि दस अक्टूबर की रात को भूतगढ़ी गांव में कुआं पूजन का कार्यक्रम था। इसमें आरोपी गौरव निवासी शाहपुर कला गांव अपने दोस्त के साथ गया था।कार्यक्रम के दौरान भूतगढ़ी गांव निवासी राजकमल से गौरव विवाद हो गया। इसमें राजकमल गंभीर रूप से घायल हो गया था। राजकमल ने आरोपी गौरव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। मामले में पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी गौरव के खिलाफ वर्ष 2017 से लेकर 2024 तक खुर्जा कोतवाली में दुष्कर्म, मारपीट, हत्या के प्रयास, बलवा, शस्त्र अधिनियम आदि धाराओं में 11 मुकदमे दर्ज हैं।

## एटा में एक परिवार की महिलाएं आपस में भिड़ी

एटा। अलीगंज क्षेत्र में मामूली कहासुनी को लेकर एक परिवार की महिलाएं आपस में भिड़ गईं। एक महिला को गिराकर लाठी–डंडों से पीटा गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।मामला थाना अलीगंज के गांव पंचापुरा का है। यहां की रहने वाली प्रेमवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि बुधवार सुबह लगभग 7 बजे वह अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी।
तभी जेठानी गुड्डी और उनकी बेटी सुहागा, बेटे की बहू ऊषा, बेटा रवेंद्र ने मेरे साथ गालीगलौज शुरू कर दी। मैंने विरोध किया तो लाठी–डंडों से पीटने लगे। जिससे कई जगह चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

## लोनी में ट्रक पर गिरा हाई टेंशन लाइन का तार. आग में जिंदा जला चालक



उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के लोनी कोतवाली इलाके के रूपनगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित सड़क किनारे खड़े ट्रक पर हाई टेंशन लाइन का तार टूट कर गिर गया। ट्रक में आग लगने से चालक जिंदा झुलसकर मर गया। पुलिस ने बिजली की लाइन कटवा कर पानी डालकर आग बुझाई। साथ ही शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। रूपनगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित सड़क किनारे फैक्टरी के बाहर एक ट्रक खड़ा हुआ था।

# अलीगढ़ में छठ पूजा को लेकर भक्तों में गजब का उत्साह, टीकाराम मंदिर में उमड़ी लोगों की भीड़



अलीगढ़(**जननायक सम्राट**) के टीकाराम मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली जो पूरे जोश और श्रद्धा के साथ छठ मैया की पूजा कर रहे थे.छठ पूजा जो विशेष रूप से सूर्य देव और छठी मैया की आराधना के लिए प्रसिद्ध है. उसका मुख्य उद्देश्य परिवार,के बच्चों और पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करना है. महिलाएं इस पूजा के लिए कठिन व्रत रखती हैं और 36 घंटे तक निर्जल रहकर छठी मैया की उपासना करती हैं.यह पर्व शुद्धता, समर्पण और तपस्या का प्रतीक है और श्रद्धालुओं की आस्था को मजबूती से दर्शाता है.भक्तों में गजब का उत. साहअलीगढ़ में इस बार छठ पूजा को लेकर भक्तों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है. भक्तगण सुबह से ही गंगा घाट और अन्य जलाशयों पर एकत्र हो रहे हैं. यहां परंपरागत रीति–रिवाजों के अनुसार छठी मैया को प्रसाद अर्पित करने के लिए भक्त नदियों और तालाबों के किनारे इकट्ठे हो रहे हैं. महिलाएं पा. रंपरिक साड़ी पहनकर छठी मैया को दूध, फल, और ठेकुआ जैसे प्रसाद अर्पित कर रही हैं और संतान की लंबी उम्र व परिवार की सुख–समृद्धि की कामना कर रही हैं.

छठ पूजा को लेकर विशेष आयोजन अलीगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में छठ पूजा को लेकर विशेष आयोजन किए गए हैं,जहां भक्तगण पूरी आस्था के साथ सूर्य को अर्घ्य दे रहे हैं. इसके अलावा, घाटों पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध भी किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो. इस अवसर पर हर ओर भक्ति और श्रद्धा का माहौल है जो श्रद्धालुओं की आस्था को और अधिक बढ़ावा दे रहा है.इस पर्व के दौरान लोगों में विशेष तरह का उत्साह देखा जा रहा है.बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी लोग छठ पूजा में हिस्सा ले रहे हैं.पहले यह पर्व केवल बिहार तक सीमित इस अवसर पर एकजुट होकर पूजा करने से सभी के मन में एकता और सहयोग की भावना भी देखने को मिल रही है. अलीगढ़ में मनाया जा रहा छठ पर्व यह दिखाता है कि कैसे भारत की सांस्कृ तिक विविधता पूरे देश में फैली हुई है. पहले यह पर्व केवल बिहार तक सीमित था, लेकिन अब देश के विभिन्न हिस्सों में भी इस पर्व को बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है. अलीगढ़ में मनाया जा रहा छठ पूजा का यह दृश्य लोगों की गहरी आस्था, परंपरा और भगवान पर अटूट विश्वास को उजागर करता है.क्या बोले श्रद्धालु पूरे मामले को लेकर छठ पूजा में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं में बलराम मंडल से जब बातचीत की गई तो उनके द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया और बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले हैं. 10 वर्षों से अलीगढ़ में रह रहे हैं, जिस तरह से अलीगढ़ में उनके द्वारा यह पर्व मनाया जा रहा है. इसको लेकर उनमें गजब का उत्साह है. यहां नदियों की कमी है, बिहार में जब हम लोगों के द्वारा पर्व मनाया जाता है तो नदियों के पास जाकर यह पर्व मनाया जाता है. लेकिन यहां नदी न होने की वजह से हमारे द्वारा जो व्यवस्थाएं हैं उनके हिसाब से त्यौहार मनाया जा रहा है.

## गाय का शव दफनाने के लिए खोद रहे थे गड्ढा, निकले चांदी के सिक्के

गाय के शव को दफनाने के लिए वह गांव के लोग खाली प्लाट में गड्ढा खोदवा रहे थे।खोदाई के दौरान मिट्टी में दबे कुछ चांदी के सिक्के दिखाई दिए। तभी वहां पर मौजूद गांव के कुछ बच्चे उन सिक्कों को लेकर भागने लगे।गांव दरियापुर में 7 नवंबर को गाय के शव को दफनाने के लिए गड्ढा खोदते समय चांदी के सिक्के निकल आए। बताते हैं कि करीब 40 से 50 चांदी के सिक्के निकले हैं। इन सिक्कों को लेकर वहां मौजूद बच्चे इधर–उधर भाग निकले।गांव के अभिषेक पचौरी ने बताया कि 6 नवंबर की रात गांव में एक निराश्रित गाय की मौत हो गई थी। उसी गाय के शव को दफनाने के लिए वह गांव के ही देवेंद्र बघेल, राहुल शर्मा, मुकेश शर्मा, रघुवीर शर्मा के साथ देवेंद्र बघेल के खाली प्लाट में गड्ढा खोदवा रहे थे।खोदाई के दौरान मिट्टी में दबे कुछ चांदी के सिक्के दिखाई दिए। तभी वहां पर मौजूद गांव के कुछ बच्चे उन सिक. कों को लेकर भागने लगे। इनमें से कुछ सिक्के देवेंद्र बघेल के पास मौजूद हैं।

## श्रीमान संवाददाता एवं संपादक महोदय अलीगढ़

श्रीमान जी आज कल नगर निगम एक ऐसी संस्था पर अत्यधिक महरबंन है जो की ब्छवै बिंग जो वर्तमान में गाजियाबाद नगर निगम से ब्लैक लिस्टेड हैं लेकिन अलीगढ़ नगर निगम में नगर निगम और माननीय महापौर जी की कृपा से ही धड़ल्ले से ही बिना नियम और नियमावली के बिना गुणवत्ता और जाँच को ध्यान में रखें बिना अनियमिताओं के साथ अलीगढ़ शहर में जलकल विभाग के समस्त कार्यों को धड़ल्ले से किए जा रहा है ।जिसमें ब्छवै विभाग जो की एक कॉन्ट्रैक्टर संस्था है जो नगर निगम से ही पैसा लेकर 12 प्रतिशत पर सेंटेंस अधिक लेकर बिना टेंडर करें, समाचार पत्रों में प्रकाशित करें बिना और ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करें बिना ई टेंडर प्रक्रिया के कार्य कर रही हैं।बिना कार्यदेश, एस्टीमेट और नक्सा को जनता और क्षेत्रीय पार्षद को दिखाए बिना,नियमों का उल्लंघन कर नगर निगम की मेहरबानी से ही नगर निगम में सीवर सफाई, नाला सफाई मिनी व बड़े ट्यूबल , पानी की पाइपलाइन ,सीवर लाइन सीवर सफाई, सीवर मैन हॉल कवर मरमद का कार्य, टियुबल ऑपरेट ट्यूबल ऑटोमेशन आदि और अन्य कामों को धड़ल्ले से किए जा रहा है ।

पुष्पेंद्र सिंह जादौन मुख्य सचेतक पार्षद दल द्वारा माँग की जाती है कि CND द्वारा जलकल के समस्त कार्यों को तुरंत रोका जाए और चल रहे सारे कार्यों की जाँच कर भुगतान को रोका जाए ।उपरोक्त सभी कार्यों की जांच श्रीमान कमिशनर के माध्यम से शासन को माननीय मुख्यमंत्रीजी को सारे प्रकरण की शिकायत की जाएगी।

## अलीगढ़ में बढ़ रही मरीजों की संख्या, एक साल के मासूम समेत छह महिलाओं को हुआ डेंगू

अलीगढ़ जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। 7 नवंबर को डेंगू के सात मरीज मिले। सभी का उपचार घरों पर चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इनके घरों के आ. सपास छिड़काव कराया है। अब तक जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या 159 पहुंच चुकी है।सीएमओ नीरज त्यागी ने बताया कि अलीगढ़ शहर में पांच और ग्रामीण इलाकों में दो मरीज डेंगू के मिले हैं। इनमें एक साल के मासूम और छह महिलाएं शामिल है। शहर के नगला तिकोना, बेगमबाग, इंद्रिरानगर, ऊपर कोट और नौरंगाबाद में पांच डेंगू मरीज मिले हैं। यह क्षेत्र डेंगू को लेकर अति. संवेदनशील हैं। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में लोधा और गंगीरी में डेंगू के मरीज मिले है।दीन दयाल संयुक्त चिकित. सालय की ओपीडी में लगभग 2000 मरीज पहुंचें। इनमें 800 वायरल बुखार के थे। वहीं, जिला अस्पताल मलखान सिंह में 1800 मरीज पहुंचे जिनमें वायरल बुखार के लगभग 650 मरीज थे। इनमें 68 लोगों के डेंगू की जांच की गई। जिनमें सात में डेंगू की पुष्टि हुई है।डीएमओ डॉ. राहुल कुलश्रेष्ठ ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि मच्छर के प्रजनन के अनुकूल परिस्थितियां उत्पन्न न करें। जलभराव न होने दें। प्रधान ने ग्राम में छिड़काव कार्य कराया गया। टीम ने अपनी उपस्थिति में लार्वा धनात्मक पात्रों को अपनी उप. स्थिति में साफ कराया स मौके पर वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वार्ष्णेय, भानू प्रताप सिंह, आरएस शर्मा, आकाश, अजय, मदन मोहन मौजूद रहे।

## योग का नेशनल स्केटिंग चौंपियनशिप में चयन



अलीगढ़ (जननायक सम्राट) धर्म समाज बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्केटिंग खिलाड़ी योग कुमार का चयन शिमला में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। गुरुवार को स्कूल में प्रबंधक संजय गोयल व प्रधानाचार्य रचना गुप्ता ने स्केटिंग खिलाड़ी को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने बताया कक्षा नौवीं के छात्र योग कुमार अंडर 14 के कुशल स्केटिंग खिलाड़ी है। उत्तर प्रदेश स्केटिंग खो–खो टीम से कप्तान रहकर दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर टीम को तृतीय स्थान पर लेकर आए थे। कई पदक जीतकर स्कूलों का नाम रोशन कर चुके हैं। शिमला भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यह चौंपियनशिप नौ व 10 नवंबर को होगी। हेडमिस्ट्रेस पूजा जैन, अनुशासन प्रभारी पुष्कर वार्ष्णेय, खेल प्रभारी प्रदीप उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

हाथरस जंक्शन क्षेत्र के जलेसर रोड पर नगला ब्राह्मण के निकट दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव लेकर चले गए।एटा के थाना जलेसर क्षेत्र के पवरा निवासी मनोज गौतम (37) कृषि मजदूरी करके अपने परिवार का पालन–पोषण करता था। वह बुधवार की देर शाम बाइक से किसी काम से हाथरस आया था। वह लौटकर अपने गांव जा रहा था। जलेसर रोड पर लाड़पुर व बामन नगला के बीच में सामने से आ रही बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। मृतक मनोज ने अपने पीछे रोते बिलखते दो छोटे बच्चे छोड़े हैं।

## अब अस्पताल के बेड पर हर रोज बिछेगी अलग रंग की चादरें, शिकायतों पर डिप्टी सीएम ने दिया आदेश

स्वास्थ्य मंत्री ने पीएचसी, सीएचसी और जिला अस्पतालों में दिनवार रंग–बिरंगे चादर बिछाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों और स्टाफ को ड्रेस कोड में समयानुसार आने का आदेश भी जारी किया है।अब जिला, संयुक्त अस्पतालों, सीएचसी व पीएचसी में रोज अलग–अलग रंग की चादरें मिलेंगी। अस्पतालों में बेडों पर चादर न बदलने की लगातार मिल रहीं शिकायतों के मद्देनजर उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश कुमार पाठक ने इसके लिए आदेश जारी किया है।जिला स्तरीय अस्पतालों में साफ–सफाई और गंदे चादर बिछाने की लगातार शिकायतें सामने आती रहीं हैं। 7 नवंबर को दीन दयाल संयुक्त अस्पताल में भी बेडों पर चादर नहीं बिछी थीं। अब स्वास्थ्य मंत्री ने पीएचसी, सीएचसी और जिला अस्पतालों में दि. नवार रंग–बिरंगे चादर बिछाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों और स्टाफ को ड्रेस कोड में समयानुसार आने का आदेश भी जारी किया है।उप मुख्यमंत्री के आदेशानुसार सभी जिला स्तरीय और ग्रामीण अस्पतालों में रंग–बिरंगी चादर दिन वार बिछाने का आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। – डॉ. नीरज त्यागी, सीएमओखुद स्वास्थ्य मंत्री भी कई सीएचसी और अस्पतालों के निरीक्षण में इसे पकड़ चुके हैं। किस दिन किस रंग की बिछेंगी चादर

सोमवार–सफेद मंगलवार– नारंगी बुधवार– हरा गुरुवार– पीला शुक्रवार– पिंक व हल्का नीला शनिवार– गहरा नीला रविवार–लाल व भूरा रंग का बिछेगा चादर कानपुर के अस्पताल में डिप्टी सीएम के सामने आया था मामला डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री ने कानपुर के अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया तो वहां पर बेडों पर गंदे चादर बिछे मिले थे। अलीगढ़ के जिला अस्पताल और डीडीयू अस्पताल में भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 09 व 10 नवंबर को विशेष तिथि

अलीगढ़ (जननायक सम्राट) भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया जा चुका है। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 29 अक. टूबर से 28 नवम्बर तक आलेख्य प्रक. ाशन अवधि में दावे और आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी। दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए विशेष अभियान की तिथि 09 व 10 नवम्बर 2024 एवं 23 व 24 नवम्बर 2024 को मतदान केन्द्रों पर बीएलओ या पदाभिहित अधिकारी प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक मतदाता के साथ सूची के उपस्थित रहेंगे। किसी भी प्रकार की शिकायत व समस्या के समाधान के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय के दूरभाष संख्या 0571–2400582 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन पंकज कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए जिले के समस्त निवासियों को सूचित किया है कि निर्वाचक नामावलियों में नाम दर्ज कराये जाने के लिए फार्म–6, प्रवासी मतदाताओं के लिए फार्म–6ए, निर्वाचक नामावली से नाम अपमार्जन कराये जाने के लिए फार्म–7 और संशोधन कराये जाने एवं एक स्थान दूसरे स्थान पर परिवर्तन किए जाने के लिए फार्म–8 सम्बन्धित साक्ष्यों सहित भरकर बूथ लेविल अधिकारी को 09 व 10 नवंबर को सम्बन्धित मतदेय स्थल पर एवं सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण अवधि में किसी भी प्रकार की शिकायत व समस्या के समाधान के लिये उक्त दूरभाष नम्बर पर प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

## खैर विधानसभा का पुनरीक्षण कार्यक्रम

अलीगढ(जननायक सम्राट) उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन पंकज कुमार ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर जिले की 71–खैर विधानसभा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में चल रहे उप निर्वाचन के दृष्टिगत खैर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का निर्धारित कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि निर्धारित पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार 27 नवंबर 2024 को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा। 27 नवंबर से 12 दिसम्बर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी जबकि विशेष अभियान के दिन 30 नवंबर एवं 08 दिसबंर को बीएलओ या पदाभिहित अधिकारी प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक मतदाता के साथ सूची के उपस्थित रहकर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसम्बर तक किया जाएगा जबकि 06 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन कराया जाएगा। डिप्टी डीईओ ने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उक्त निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य से सम्बद्ध अधिकारियों यथा–जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आयोग की अनुमति के बिना पुनरीक्षण अवधि 27 नवंबर से 06 जनवरी 2025 तक के मध्य स्थानान्तरित करने पर रोक लगा दी गई है।निवेदक पुष्पेन्द्र कुमार सिंह जादौन मुख्य सचेतक पार्षद दल भाजपा व निगम पार्षद वार्ड–49 एवं सदस्य जिला योजना समिति अलीगढ़

## सुप्रीम कोर्ट ने पलटा 1967 का फैसला, नियमित पीठ को भेजा मामला, एएमयू में जश्न

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर एएमयू इंतजामिया, छात्र, पूर्व छात्रों के साथ दुनिया की निगाहें सुप्रीम कोर्ट के फैसले की ओर लगीं थीं। दोपहर में जैसे ही सुप्रीम कोर्ट ने 1967 के अजीज बाशा बनाम भारत गणराज्य के फैसले को पलटा और एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे के मामले को तीन सदस्यीय नियमित पीठ के लिए भेजा, वैसे ही एएमयू कैंपस में सभी एक दूसरे को बधाई देते नजर आए। मिठाई बंटी और आतिशबाजी से जमकर जश्न मनाया गया।8 नवंबर को आने वाले एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे के सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जैसे ही 7 नवंबर को पता चली, तभी से लोगों इंतजार करने लगे। आज सुबह से ही एएमयू स्टॉफ, छात्र और पूर्व छात्र के साथ दुनिया में अमुवि से जुड़े लोग सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही को मीडिया के विभिन्न माध्यमों से देखने लगे। जैसे ही एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का फैसला पढ़ना शुरू हुआ, धड़कने कम–ज्यादा होने लगीं। एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने साल 1967 में श्अजीज बाशा बनाम भारत गणराज्यश मामले में दिए अपने ही फैसले को पलट दिया है। सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संवैधानिक पीठ ने 4–3 के बहुमत से यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा है कि अगर कोई संस्थान कानून के तहत बना है तो भी वह अल्पसंख्यक संस्थान होने का दावा कर सकता है। अब अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार रहेगा या नहीं, इसका फैसला नियमित पीठ करेगी।

अल्पसंख्यक दर्जे के पक्ष में फैसले की पता लगते ही एएमयू इंतजामिया विवि के बाब–ए–सैयद द्वार एकत्र होने लगी। वहां पर लड्डू बांट कर छात्रों और एएमयू स्टाफ ने खुशी का इजहार किया। वहीं पर आतिशबाजी भी की गई। एएमयू के जनसंपर्क कार्यालय में जैसे ही फैसले की पता चली, वहां के पीआरओ और अन्य कर्मचारियों के आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे। एएमयू के छात्र, पूर्व छात्र और इंतजामिया ने फैसले को सर सैयद अहमद खां के सपने की जीत बताया। एएमयू के प्रॉक्टर प्रोफेसर वसीम अली ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को स्वागत योग्य बताने के साथ एक ऐतिहा. सिक निर्णय बताया है। संवैधानिक कानून विशेषज्ञ और एएमयू के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो फैजान मुस्तफा, जिन्होंने अपने पद पर रहते हुए सुप्रीम कोर्ट में यह मामला दायर किया था, ने बताया कि यह सामान्य रूप से अल्पसंख्यक अधिकारों और विशेष रूप से एएमयू के लिए एक व्यापक जीत है। उर्दू अकादमी के पूर्व निदेशक और एएमयू के पूर्व जन. संपर्क अधिकारी डॉ. राहत अबरार ने इस मामले में कानूनी विशेषज्ञों को महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराए थे। उन्होंने कहा कि फैसले ने एएमयू समुदाय के दावों को मान्य कर दिया है, जिन्होंने हमेशा कहा था कि मामला खत्म होना चाहिए। उन संगठनों और व्यक्तियों की पहचान पर ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर निर्णय लिया गया। एएमयू टीचर्स एसोसिएशन (अमुटा) सचिव मोहम्मद ओबैद सिद्दीकी ने कहा कि फैसले ने उन बुनियादी सिद्धांतों की पुष्टि की है जिन पर एएमयू को स्थापित किया गया था। कोर्ट में आज हुआ यहमुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में से सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस जेडी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा ने संविधान के अनुच्छेद 30 के मुताबिक अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक संस्थान के दर्जे के कायम रखने के पक्ष में तर्क दिए। पीठ में शामिल जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने विपरीत तर्क दिए। सुप्रीम कोर्ट ने साल 1967 में श्अजीज बाशा बनाम भारत गणराज्यश मामले में दिए अपने ही फैसले को पलट दिया। कोर्ट ने कहा है कि अगर कोई संस्थान कानून के तहत बना है तो भी वह अल्पसंख्यक संस्थान होने का दावा कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संवैधानिक पीठ ने 4–3 के बहुमत से यह आदेश दिया। इस मामले को अब तीन सदस्यीय नियमित पीठ को भेज दिया गया है।2019 में सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय पीठ के पास गया मामलासंविधान पीठ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 2006 के फैसले से उत्पन्न एक मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) अल्पसंख्यक संस्थान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने वर्ष 2019 में इस मामले को सात जजों की संविधान पीठ के पास भेज दिया था।मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पूरी कर 1 फरवरी 2024 को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# एचडीएफसी बैंक के चुनिंदा लोन महंगे, MCLR बढ़ाकर महंगी कर दी EMI

अगर आपने एचडीएफसी बैंक से लोन लिया है या लेने वाले हैं तो ये खबर आपके लिए जरूरी है. एचडीएफसी बैंक से लोन लेना आपको महंगा पड़ सकता है और आपकी ईएमआई भी बढ़ जाएगी. देश के प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज अपने कुछ लोन के लिए मार्जिनल कॉस्ट ऑफ लैंडिंग रेट (डब्स्) 0.05 फीसदी यानी 5 बेसिस पॉइंट बढ़ा दिए हैं. इसके बाद एचडीएफसी बैंक के चुनिंदा मैच्योरिटी वाले लोन की दरें कुछ बढ़ जाएंगी. जानिए कौन से टाइम पीरियड वाले लोन हुए महंगेएक दिन वाले लोन के लिए एमसीएलआर 9.10 फीसदी से बढ़कर 9.15 फीसदी हो गई है. इसके अलावा एक महीने का एमसीएलआर रेट 0.05 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 9.20 फीसदी हो गई हैं. इनके अलावा दूसरी मैच्योरिटी वाले लोन के लिए एमसीएलआर रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है. नई दरें सात नवंबर 2024 यानी आज से लागू हो गई हैं. एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट पर मौजूद है जानकारी एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुता. बिक, एक साल की अवधि के लिए बेंचमार्क एमसीएलआर रेट को 9.45 फीसदी पर बरकरार रखा गया है. इसी के बेस पर ज्यादातर कंज्यूमर लोन जैसे कि कार लोन और पर्सनल लोन की दरें तय की जाती हैं.आरबीआई की रेपो रेट की दरें लगातार बिना बदलाव के स्थिर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछली मौद्रिक नीति समिति बैठक में लगातार दसवीं बार अपनी नीतिगत दर रेपो को 6.5 फीसदी पर यथावत रखने का फैसला किया है. इसके बाद




एचडीएफसी बैंक ने ये दरों में इजाफे का फैसला लिया है. आरबीआई की एमपीसी की बैठक 9 अक्टूबर 2024 को संपन्न हुई थी जिसमें आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने रेपो रेट ना बढ़ाने का फैसला सुनाया था.पहले भी एचडीएफसी बैंक ने बढ़ाई थीं दरें एचडीएफसी बैंक ने पहले भी अपने लोन महंगे किए थे और सितंबर 2024 में कुछ चुनिंदा अवधि के लोन के लिए दरों में इजाफा किया था. दरअसल होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन जैसे कर्ज के लिए जो बेंचमार्क दरें होती हैं, उन्हें निर्धारित करने वाली दरों में एचडीएफसी बैंक ने बढ़ोतरी कर दी थी. मुख्य रूप से एमसीएलआर वाली दरों में ही इजाफा देखा गया था.

## शेयर बाजार में भारी गिरावट पर क्लोजिंग, सेंसेक्स व निफ्टी एक-एक फीसदी गिरकर बंद



घरेलू शेयर बाजार की चाल आज सुबह तेज थी लेकिन बाजार खुलने के 2 घंटे के भीतर ही बड़ा नुकसान देखा गया और ये टूटकर नीचे आ गया. 2 दिनों की बंपर तेजी पर बाजार रहने के बाद आज बाजार में जोरदार गिरावट दर्ज की गई है. सेंसेक्स और निफ्टी 1–1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट पर कारोबार की क्लोजिंग दे पाए हैंकिन लेवल पर हुई शेयर बाजार की क्लोजिंगनिफ्टी आईटी जो बाजार को संभालने का काम कर रहा था वहां भी बाजार बंद होते–होते गिरावट आ गई. सेंसेक्स 80 हजार के नीचे ही बंद हुआ है. बीएसई सेंसेक्स 836.34 अंक या 1.04 फीसदी की गिरावट के साथ 79,541 पर बंद हुआ है यानी कल की सारी बढ़त गंवाकर आज गिरावट के दायरे में फिसल गया है. एनएसई का निफ्टी 284.70 अंक या 1. 16 फीसदी की गिरावट के साथ 24,199. 35 पर बंद हुआ है, यानी 24200 के नीचे ही बंद हुआ है.फार्मा शेयरों में रही तेज गिरावट फार्मा शेयरों में करीब 1.75 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार देखा गया है और बैंक निफ्टी 400 अंकों की गिरावट के साथ कारोबार बंद कर पाया है. निफ्टी मेटल्स में सबसे ज्यादा 2.74 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है.सेंसेक्स के शेयरों का क्लोजिंग अपडेट 2 दिनों से सेंसेक्स और निफ्टी की अच्छी तस्वीर देखी जा रही थी पर आज सेंसेक्स में लालिमा छाई हुई है. सेंसेक्स के केवल 2 शेयर एसबीआई और टीसीएस ही बढ़त पर बंद हुए हैं और 28 शेयरों में गिरावट का लाल निशान हावी है. बैंक निफ्टी का जोश ठंडा लगातार 2 दिनों से बैंक निफ्टी से बाजार को सपोर्ट मिल रहा था लेकिन आज बैंक शेयरों में बिकवाली के चलते ये नीचे आ गया और पूरे 400 अंक टूटकर बंद हुआ है. बैंक निफ्टी में 51,916 के लेवल पर क्लोजिंग हुई है. बैंक निफ्टी के 12 में से 9 शेयरों में गिरावट पर कारोबार बंद हुआ है और 3 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है. बीएसई का मार्केट कैप बीएसई का मार्केट कैप 448.44 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है जो सुबह के कारोबार के दौरान 452 लाख करोड़ रुपये पर था. इस तरह इसमें 4.50 लाख करोड़ रुपये की गिरावट तो इंट्राडे ट्रेड में ही आ गई थी.

## आपके पास है क्रेडिट कार्ड तो इस दिवाली, न्यू ईयर पर मिलेंगे कई छूट और डिस्काउंट ऑफर्स

त्योहारी सीजन अपने पीक पर आ चुका है और दिवाली के 5 दिनों के त्योहार चल रहे हैं. अगर आज दिवाली के दिन आप खरीदारी करने के लिए निकले हैं और अपने पास मौजूद क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग करना चाहते हैं तो आपके पास कई डिस्काउंट या छूट हासिल करने का मौका है. यहां जानें आपकी कार्ड से खरीदारी करने पर कैसे भारी बचत हो सकती है.एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड यूजर्स घरेलू उड़ानों पर 1300 रुपये तक की 15 फीसदी छूट और ज्तंअमस•च से बुक की गई सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 5,000 तक की 15 फीसदी छूट पा सकते हैं. यूजर्स अपने शहरों के पॉपुलर रेस्तरां में भोजन करने पर भी छूट प्राप्त कर सकते हैं. दिल्ली के लिए, सैंडोज, बागुंडी, मायबार वगैरह में भोजन करने पर छूट है.एसबीआई कार्ड आईफोन की शॉपिंग एसबीआई कार्ड यूजर्स को 10,000 रुपये तक का इंस्टेंट डिस्काउंट ऑफर मिल सकता है. यह ऑफर 28 दिसंबर तक वैलिड है.एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड त्रिभुवनदास भीमजी झवेरी के यहां डिस्काउंटयूजर्स 50,000 और 99,999.99 रुपये के बीच खरीदारी राशि पर 2500 और 5000 रुपये कैशबैक हासिल कर सकते हैं. यह ऑफर केवल त्रिभुवनदास भीमजी जावेरी स्टोर्स पर 3 नवंबर तक वैलिड है.आईसीआई सीआई बैंक क्रेडिट कार्ड स्विगी और स्विगी इंस्टामार्ट पर छूट स्विगी और स्विगी इंस्टामार्ट पर आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से भुगतान पर ढेरों ऑफर्स मौजूद हैं. यूजर्स स्विगी फूड डिलीवरी पर 649 रुपये के मिनिमम ऑर्डर मूल्य पर अतिरिक्त 50 रुपये की छूट पा सकते हैं. आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड यूजर्स 1000 के मिनिमम ऑर्डर मूल्य पर 150 रुपये तक की 10 फीसदी छूट भी हासिल कर सकते हैं. ऑफर ष्ठ बैंक क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड पर लागू है.



ज्वैलरी की खरीदारी पर छूट आई सीआ. ईसीआई बैंक क्रेडिट और डेबिट कार्ड यूजर्स सूरत डायमंड ज्वैलरी पर न्यूनतम 2,000 रुपये के ट्रांजेक्शन पर 20 फीसदी इंस्टेंट डिस्काउंट हासिल कर सकते हैं. छूट का फायदा उठाने के लिए उन्हें आईसीआईसीआई बैंक की आधिका. रिक वेबसाइट पर दिए गए कूपन कोड का उपयोग करना होगा. यह ऑफर 31 मार्च 2027 तक वैलिड है.आ. ईफोन 16 पर छूटICICI बैंक क्रेडिट कार्ड यूजर्स पचीवलम 16 को ऑनलाइन खरीदने पर 6000 रुपये तक की छूट पा सकते हैं. ऑफर 30 नवंबर 2024 तक वैलिड रहेगा.

## दो भाइयों का कमाल, घर में उगाया दुनिया का सबसे महंगा मसाला, अब लाखों की कमाई





हरियाणा के दो भाइयों नवीन और प्रवीण सिंधु ने कमाल कर दिया है। ये अपने घर में ही कश्मीरी केसर उगाते हैं। उन्होंने घर के अंदर केसर उगाने का नया तरीका ईजाद किया है। इसके लिए भाइयों ने ईरान और इजरायल की उन्नत एयरोपोनिक तकनीक का इस्तेमाल किया। इसमें मिट्टी के बिना ही पौधे हवा में उगाए जाते हैं। इस तकनीक से उन्होंने अपने घर की छत पर ही कश्मीरी केसर उगाकर लाखों रुपये कमाए हैं। केसर को दुनिया का सबसे महंगा मसाला कहते हैं। आइए, यहां नवीन और प्रवीण सिंधु की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।2018 में दोनों भाइयों ने अपने घर की छत पर 15•15 फीट के कमरे को एक छोटी प्रयोगशाला में बदल दिया। यहां उन्होंने एरोपोनिक्स तकनीक का इस्तेमाल करके केसर उगाना शुरू किया। एरोपोनिक्स एक ऐसी तकनीक है जिसमें पौधे बिना मिट्टी या पानी के, हवा में लटके हुए उगते हैं। उन्होंने इस सेटअप में लगभग 6 लाख रुपये का निवेश किया। इसमें ग्रो लाइट्स, ह्यूमिडिफायर, तापमान नियंत्रण के लिए चिलर और केसर के बल्ब रखने के लिए लकड़ी की ट्रे शामिल थीं।प्रवीण सिंधु को यह आइडिया तब आया जब वह डब्बी की पढ़ाई कर रहे थे। उन्होंने अखबार में घर के अंदर केसर उगाने के बारे में पढ़ा था। उन्होंने अपने भाई नवीन को इस बारे में बताया, जो उस समय ब्रिटेन में एक होटल में काम कर रहे थे। 2016 में प्रवीण की पढ़ाई पूरी होने के बाद दोनों भाइयों ने मिलकर यह अनोखा काम शुरू करने का फैसला किया। प्रवीण थाईलैंड गए और वहां उन्होंने कॉर्डिसेप्स मशरूम उगाने की ट्रेनिंग ली। यह मशरूम अपने औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। इस दौरान, नवीन केसर की खेती सीखने के लिए जम्मू–कश्मीर के पंपोर चले गए। पंपोर केसर की खेती का केंद्र है। यहां भारत का लगभग 90: केसर उगाया जाता है। उन्होंने वहां के किसानों से केसर उगाने की बारीकियां सीखीं। अपनी जानकारी बढ़ाने के लिए उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय का भी दौरा किया।शुरुआत में प्रवीण और नवीन को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने सबसे पहले कश्मीर से 100 किलो केसर के बल्ब ऑनलाइन मंगवाए थे। लेकिन, वे खराब हालत में पहुंचे। इस असफलता से सीखते हुए अगले साल उन्होंने खुद पंपोर जाकर बल्ब खरीदे। 2019 में उन्होंने 100 किलो बल्ब खरीदे और उन्हें उगाने में सफलता मिली। भाइयों ने अपने परिवार और दोस्तों को यह केसर तोहफे में दी। इससे उत्साहित होकर उन्होंने अगले सीजन में बिचौलियों को दरकिनार करते हुए सीधे 700 किलो बल्ब खरीदे। इससेउन्हें सस्ती दर पर बल्ब मिल गए। उस फसल से उन्हें 500 ग्राम केसर मिला, जिसे उन्होंने 2.5 लाख रुपये में बेचा। 2023 में उनकी छोटी सी प्रयोगशाला में 2 किलो केसर की पैदावार हुई। इससे उन्हें 10 लाख रुपये की कमाई हुई।सिंधु भाई अब अपने ब्रांड श्समर्त्वश के तहत अमेरिका, ब्रिटेन और घरेलू बाजार में केसर बेचते और निर्यात करते हैं। अपनी सालाना कमाई बढ़ाने के लिए वे ऑफ–सीजन के दौरान प्रयोगशाला में कॉर्डिसेप्स या बटन मशरूम उगाने की योजना बना रहे हैं। केसर के बल्ब अगस्त के मध्य में प्रयोगशाला में लगाए जाते हैं। नवंबर के मध्य तक में इनमें फूल खिलने लगते हैं। वे हाथ से फूलों से केसर के धागे अलग करते हैं। फसल कटने के बाद बचे हुए फूलों की पंखुड़ियों को कॉस्मेटिक कंपनियों को बेच दिया जाता है। इससे उन्हें अतिरिक्त आय होती है। कटाई के बाद बल्बों को वापस मिट्टी में लगा दिया जाता है ताकि वे मल्टीप्लाई हो सकें। इससे उन्हें बार–बार बल्ब खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती।

## 2,700 रूपये का घाटा और 3 रूपये का डिविडेंड देश के सबसे महंगे स्टॉक के साथ यह क्या हो गया?

नई दिल्ली देश में सबसे महंगे शेयर वाली कंपनी एमआरएफ ने शुक्रवार को सितंबर तिमाही का रिजल्ट जारी किया। फाइनेंशियल ईयर 2024 को दूसरी में कंपनी का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट 20: की गिरावट के साथ 455 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 572 करोड़ रुपये था। इस अवधि के लिए कंपनी का परिचालन से राजस्व 11: बढ़कर 6,760 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए 3 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश भी घोषित किया और 19 नवंबर को रिकॉर्ड तिथि निर्धारित की।टायर बनाने वाली इस कंपनी ने जुलाई–सितंबर 2024 की अवधि के लिए 974 करोड़ रुपये का म्ठप्ज्क। दर्ज किया, जो पिछले साल की समान अवधि में दर्ज 1,129 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 14: कम है। दूसरी तिमाही में कंपनी का मार्जिन भी घटकर 14.4: रह गया। तिमाही के लिए कुल व्यय पिछले साल की समान तिमाही के 5,497 करोड़ रुपये से 16: बढ़कर 6,363 करोड़ रुपये हो गया। सितंबर तिमाही में कंपनी का कर पूर्व लाभ पिछले वर्ष की तिमाही के 791 करोड़ रुपये की तुलना में 20: गिरकर 631 करोड़ रुपये रह गया । शुक्रवार को बीएसई पर कंपनी का शेयर करीब तीन फीसदी गिरावट के साथ 117500.00 रुपये पर आ गया था। पिछले सत्र में यह 120958.70 रुपये पर बंद हुआ था। एमआरएफ देश का सबसे महंगा शेयर है। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 151,283.40 रुपये और न्यूनतम स्तर 107,200.00 रुपये है। केरल के एक ईसाई परिवार में जन्मे के. एम मैमन मा. पिल्लई ने एमआरएफ की स्थापना की थी।



### मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज को 42,18,63,25,00,000 का झटका, क्यों आ रही है शेयरों में गिरावट?



नई दिल्ली देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आज फिर गिरावट दिख रही है। बीएसई पर यह 1.5: से अधिक गिरावट के साथ 1278.70 रुपये पर पहुंच गया। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई में कंपनी का शेयर उच्चतम स्तर पर पहुंचा था लेकिन उसके बाद से इसके मार्केट कैप में करीब 50 अरब डॉलर यानी करीब 42,18,63,25,00,000 रुपये की गिरावट आई है। अभी इसका मार्केट कैप करीब 17,39,586.54 करोड़ रुपये रह गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कमजोर आय और इकनॉमिक स्लोडाउन के कारण रिलायंस संघर्ष कर रही है।एशिया और भारत के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का बिजनस रिफाइनिंग से लेकर रिटेल तक फैला है। इस साल कंपनी के शेयरों में कम ही तेजी देखने को मिली है। यह बेंचमार्क एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स से लगभग एक दशक में सबसे बड़े अंतर से पीछे है। हाल के महीनों में विदेशी बिकवाली और इनकम ग्रोथ की चिंताओं के कारण शेयर मार्केट में भारी गिरावट आई है। इसके बावजूद देश के प्रमुख सूचकांक अब भी 2024 में एशिया के सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले प्रमुख बा. जारों में से हैं।रिलायंस ने पिछले महीने दूसरी तिमाही का रिजल्ट जारी किया था। कंपनी की आय लगातार छठी तिमाही में अनुमान से कम रही। इसकी सबसे बड़ी वजह यह रही कि कंपनी के प्रमुख कारोबार ऑयल–टू–केमिकल बिजनस के लिए डिमांड कम रही। इस रिजल्ट के बाद से कंपनी के शेयरों में काफी गिरावट आई है। कंपनी ने अगस्त में अपनी एजीएम में निवेशकों को प्रत्येक शेयर पर एक मुफ्त शेयर देने की पेशकश की थी। कंपनी ने अपनी टेलिकॉम और रिटेल यूनिट्स की लिस्टिंग के बारे में कोई डिटेल नहीं दी। टैरिफ में बढ़ोतरी के बाद रिलायंस जियो के ग्राहकों की संख्या में कमी आई है।

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा -सम्पादक
मौ:-8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
**हिन्दी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायालय ही होगा